तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

13 चार श्रम संहिताओं के खिलाफ खदानों में हड़ताल, दल्लीराजहरा...



14 तांदुला नदी पर प्रशासन की मेहनत शराबी कर रहे बर्बाद





## खबर संक्षेप

### बालोद में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन 15 को



**बालोद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवकृपा मानस समिति द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव व दो दिवसीय संगीत मय अखंड रामायण पाठ का आयोजन शिव मंदिर शिकारी पारा बालोद में 15 फरवरी को किया गया है। जिसमें श्रद्धालु अखंड रामायण पाठ में अपनी सहभागिता प्रदान कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसमे रुद्राभिषेक सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। द्वितीय दिवस 16 फरवरी को दोपहर 3 बजे हवन एवं पूर्णाहुति तथा महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर लगेगा संगीतमय रामायण मेला

**बालोद।** हीरापुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय संगीतमय रामायण मेला का आयोजन 14 व 15 फरवरी को किया गया है। उपरोक्त जानकारी कुंजलाल साहू ने दी।

### बालोद में नशे में युवक ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** नशे के हालात मे एक युवक ने तालाब पार बैठे युवक के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चिटौद निवासी पूरण ठाकुर ने पुलिस को बताया कि शाम को तालाब पार घाट में बैठा था, तभी गांव का ही प्रेम साहू शराब के नशे में आया और मेरे पास बैठ गया और मुझे गाली गलौज कर बात करने लगा, तब मैं गाली देने से मना किया तो मुझे जान से मार देने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे बाएं आंख में, माथा में, दाहिने पैर के अंगूठे के पास चोट आया है।

### हनुमान मंदिर में त्रिदिवसीय रुद्राभिषेक महायज्ञ

**बालोद।** बोड़की स्थित हनुमान मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवशर पर त्रि दिवसीय रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन 14 से 17 फरवरी तक तीन दिवशीय का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रथम दिवस 14 फरवरी को पूज्यपाद स्वामी चंद्रपाल व पंडित चद्रिरका प्रसाद दुबे द्वारा ज्योति कलश स्थापना एवं द्वतीय दिवस 15 फरवरी को हवन पूजन पूर्ण आहुति होगा। तृतीय दिवस 16 फरवरी को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है, जिसके रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पाटएँ का आयोजन किया गया है।

### नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय पर हुआ 3 दिवसीय इको एडवेंचर फेस्ट

# सियादेवी इको टूरिज्म फेस्ट का भव्य शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


नारागांव में प्रकृति की मनोरम वादियों के बीच स्थित सियादेवी जलाशय के तट पर शुक्रवार को 3 दिवसीय सियादेवी इको टूरिज्म फेस्ट का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि के अलावा कलेक्टर, वनमण्डलाधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने बैम्बू राफ्टिंग में सवार होकर सियादेवी जलाशय के भ्रमण का लुत्फ उठाया।

- लोगों ने लिया बैम्बू राफ्टिंग, वॉल क्लाइम्बिंग और हॉट एयर बलून सहित विविध गतिविधियों का आनंद

विधायक संगीता सिन्हा ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस 3 दिवसीय इको एडवेंचर फेस्ट के बेहतरीन आयोजन को क्षेत्र के लिए एक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि सियादेवी जलाशय का यह तट शासन प्रशासन के सहयोग से खूबसूरत पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने इस स्थान पर पर्यटन को बढ़ावा देने तथा नारागांव के ग्रामीणों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराने हेतु कॉम्प्लेक्स निर्माण करने की भी मांग की। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने सियादेवी जलाशय को इको टूरिज्म पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु बालोद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस 3 दिवसीय सियादेवी इको एडवेंचर फेस्ट बेहतरीन आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर मिश्रा के मागदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा प्रकृति के इस खूबसूरत वादियों के बीच स्थित इस सियादेवी जलाशय को खूबसूरत पर्यटन केन्द्र के रूप में विने का जो प्रयास किया जा रहा है वह वास्तव में काबिले-तारीफ है। इस अवसर पर उन्होंने इस सियादेवी जलाशय से जुड़े पुराने स्मृतियों को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के प्रयासों से आज से कुछ समय पूर्व तक धूर नक्सल प्रभावित रहे बस्तर संभाग में भी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अनेक कार्य किए गए हैं।

#### कार्यक्रम में हुई कई गतिविधियां

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं स्थानीय कलाकारों ने गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम स्थल में स्थानीय व्यंजनों एवं उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु स्टॉल भी लगाए गए थे। इन स्टॉलों में पर्यटकों एवं आगंतुकों के लिए ठेठरी, खुरमी आदि स्थानीय व्यंजनों के अलावा अन्य खाद्य पदार्थ एवं स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा सियादेवी जलाशय के तट पर वॉल क्लाईबिंग, टायर क्लाईबिंग, मोटर बाईक, फ्लोटिंग बलून, हॉट एयर बलून अन्य गतिविधियां हुई।



#### ये रहे उपस्थित

जिला प्रशासन द्वारा इस स्थान को इको टूरिज्म केन्द्र रूप मे विकसित करने के उद्धेश्य से 13 से 15 फरवरी तक आयोजित इस सियादेवी इको टूरिज्म फेस्ट के शुभारंभ अवसर पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, राज्य एथेलेटिक संघ उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पर्यटकगण उपस्थित थे।

## दंपत्ति के साथ पांच युवकों ने की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ईलाज करवाकर कार के माध्यम से आ रहे दंपत्ति के साथ पांच युवको ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने पांच युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 126(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- मोटरसाइकिल से रास्ता रोककर गाली-गलौज और हाथापाई, परिवार के तीन सदस्य घायल

ग्राम पैरी निवासी वासनी देवी साहू ने पुलिस को बताया कि अपने पति शिवकुमार साहू, बेटा ऋषभ कुमार साहू के साथ अपने कार सीजी 24 पी 1936 से रायपुर अपने पति का ईलाज करवाकर वापस आ रहे थे, शाम करीबन 04.30 बजे गुण्डरदेही में मोटर सायकल में सवार दो युवक हमारे वाहन के सामने अपने मोटर सायकल को अड़ाकर रास्ता रोककर गालिया देते हुए कैसे गाड़ी चला रहे हो बोलते हुए गाली गलोच करने लगे, जिसे मेरे पति द्वारा गाली देने से मना करने पर उन युवकों द्वारा अपने अन्य 4-5 साथियों को फोन करके बुला लिये एवं सभी हाथ-मुक्का एवं चुड़ा से मेरे पति व बेटा के साथ मारपीट करने लगे, मै बीच-बचाव करने आई तो मुझे भी गाल में थप्पड़ मारे है, मेरे साथ भी मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे दाया गाल, दाया कान, बाया कोहनी में तथा मेरे पति शिवकुमार साहू के दाहिना पैर के पांव व दाहिना गाल में तथा मेरे बेटे ऋषभ कुमार साहू के गला एवं दाहिना हाथ में चोंट आया है।

## पड़ोसियों के बीच हाथापाई, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पड़ोसियो में वाद विवाद तथा मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद पीड़ित पक्षकार ने मारपीट करने वाले दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- गाली-गलौज के बाद हाथापाई, परिवार के सदस्य भी घायल

ग्राम हरणसिंघी निवासी सगुन यादव पिता पुनउ राम यादव 52 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी रामेश्वरी यादव अपनी सात साल की बेटी को गाली दी, जिसे पडोसी नीरा यादव और उसकी दोनो बहुएं हमे गाली दे रहे हो कहकर गाली गलौज और झगडा किये हैं, फिर दोपहर मेरे घर के सामने मेरा छोटा भाई धनुष यादव पिता पुनउ राम यादव 50 वर्श और नेमीचंद यादव पिता धनुष यादव 26 वर्ष ग्राम हरणसिघी आकर गाली गलौज करते हुये मेरा नाम लेकर बाहर निकल बोले बाहर निकला तो नेमीचंद यादव और धनुष यादव दोनो मेरे परिवार के साथ झगडा गाली गलौज किये हो कहकर मुझे गाली गलौज करते हुये दोनो ने हाथ मुक्का से मेरे ▶▶| शेष पेज 13 पर

## बालोद में बिजली टैरिफ पर जन-सुनवाई उपभोक्ताओं को अपनी राय देने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग सीएसईआरसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों टैरिफ के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर दुर्ग क्षेत्र दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है।

- आम जनता, किसान और उद्योगपति ऑनलाइन और ऑफलाइन अपनी दर्ज कर सकते हैं आपत्तियां

सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रें के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं। दुर्ग क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए 17 फरवरी 2026 को प्रातः 10:30 से दोपहर 12 बजे तक रायपुर नाका दुर्ग स्थित मुख्य अभियंता कार्यपालक निदेशक कार्यालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग पर उपस्थित हो सकते हैं। इसके साथ ही यदि कोई उपभोक्ता सीधे रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखना चाहता है, तो 19 फरवरी 2026 को दोपहर 12 से 01:30 बजे तक कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 02:30 से 04 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं शाम 04 से 05:30 बजे तक गैर-घरेलू उ उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

इसी तरह 20 फरवरी को दोपहर 12 से 1:30 बजे तक स्थानीय निकाय, नगर निगम एवं ट्रेड यूनियन आदि, दोपहर 02:30 से 4 बजे तक निम्न दाब ▶▶| शेष पेज 13 पर

### महिला के साथ युवकों ने की मारपीट, शिकायत दर्ज

**बालोद।** काम से घर जा रही महिला के साथ तीन युवको ने वाद विवाद कर दिया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने तीनो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुम्हारखान निवासी लिलेश्वरी मानिकपुरी ने पुलिस को बताया कि ढ़ाबा में काम कर रात्रि करीबन 08 बजे अपने घर जा रही थी, गांव के नाला के पास गांव के सोनू साहू मुझे रोककर मेरा मोबाईल नंबर मांगने लगा, मैं मोबाईल नंबर देने से मना की और मैं अपने घर चली, 06 फरवरी को ग्राम कुम्हारखान के सोनू साहू, शीतल यादव एवं राज साहू जिस ढाबा मे काम करती हूं उस ढ़ाबा में आये तब मैं सोनू साहू को पूछी कि तुम 03 फरवरी को रात्रि 08 बजे घर जाते समय मेरा मोबाईल नंबर क्यों मांग रहे हो, बोलने पर वह मेरे साथ वाद विवाद कर हाथा पाई करने लगा, तभी ढाबा में काम करने वाला देवेन्द्र कुमार पिता कन्हैया लाल निवासी चिटौद बीच बचाव करने आया तो उसे तीनो ने ▶▶| शेष पेज 13 पर




### पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 117 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लिया भाग

# पुतलीकला कार्यशाला में छग के शिक्षकों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रलय के स्वशासी संस्था, सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर राजस्थान में 2 से 6 फ़रवरी तक रचनात्मक पुतलीकला की विरासत विषय पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

- छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्य प्रस्तुति को मिली विशिष्ट अतिथियों और अधिकारियों से प्रशंसा

इस कार्यशाला में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड सहित देश के 15 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 117 शिक्षक-शिक्षिकाएँ भाग लिए। उक्त प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ से कुल 8 शिक्षक शामिल हुए। जिनमें दुर्ग जिले से शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला आगेसरा टिकेश्वर प्रसाद गजपाल, शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा कृष्ण कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी राघवेंद्र कुमार धुरव, शासकीय प्राथमिक शाला रीवागहम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला टिकरापारा खुरसुल पंकज सिंह राजपूत, बालोद जिला से एमन सिंह साहू, राजनांदगांव से गोस्वामी दास वैष्णव, बेमेतरा से ऊषा वर्मा ने सहभागिता प्रदान किए।



#### छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति को मिली सराहना

कार्यशाला के दौरान भारतीय संस्कृति में क्षेत्रीय संस्कृति के परिचय और क्षेत्रीय लोक कला कार्यक्रम के सत्र में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी शिक्षकों के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा में लोक-संस्कृति का परिचय और लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस क्षेत्रीय सांस्कृतिक सत्र में छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति की विशिष्ट अतिथियों और सीसीआरटी के अधिकारियों द्वारा खूब सराहना और प्रशंसा की गई। केंद्र में शिल्पकला के अंतर्गत पेपरमेशी, बांधनी एवं मृदा शिल्प पर आधारित प्रयोगात्मक कक्षाएँ भी आयोजित की गईं जिनमें प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। यह कार्यशाला राष्ट्रगीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के राष्ट्रव्यापी उत्सव का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सजीव बनाए रखना है।

प्रशिक्षण में शामिल सभी राज्यों के शिक्षकों को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धार का अवलोकन कराया गया। जहां शिक्षकों ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों के लिए कार्यालयीन व दौरा दिवस निर्धारित

**दुर्ग।** राज्य शासन ने अधिकारियों की कार्यालयीन उपस्थिति एवं क्षेत्र भ्रमण को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के अनुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरा के कारण कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे थे तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही थी जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी अब प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने-अपने मुख्यालय एवं कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इन दिनों में कार्यालयीन नस्तियों का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं क्षेत्रीय निरीक्षण, फील्ड विजिट एवं अन्य बाह्य कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों को अपने दौरा कार्यक्रम इसी समयावधि में तय करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष परिस्थितियों जैसे कानून-व्यवस्था, अत्यावश्यक शासकीय कार्य अथवा वरिष्ठ कार्यालय द्वारा आहूत बैठकों की स्थिति में ही इस समय-सारणी में परिवर्तन मान्य होगा। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार का उल्लंघन अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाएगा।

### नए पंचायत भवन के लिए 12.93 लाख स्वीकृत

**दुर्ग।** जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत विकासखण्ड धमधा के ग्राम ढाबा में नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए 12 लाख 93 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी।

### पंप स्थापना के लिए 1 लाख की मिली स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के लिए 01 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढौर (कचांदुर) वार्ड 20 में नवीन पानी टंकी के पास वायरिंग पेयजल हेतु 3 एचपी मोटर पंप स्थापना हेतु 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### आवास लोन मेला 16 से 19 फरवरी तक आयोजित




**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिवस के रूप में आवास लोन मेला का आयोजन 16 से 19 फरवरी किया जा रहा है। इस विशेष पहल के माध्यम से ऐसे हितग्राही, जिन्हें अपने मकान निर्माण या खरीद हेतु बैंक लोन की आवश्यकता है, वे इस मेले में शामिल होकर विभिन्न बैंकों से सीधे संपर्क कर आवास ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह मेला 16 फरवरी को जोन कार्यालय बोरसी, 17 को जोन कार्यालय आदित्य नगर, 18 को जोन कार्यालय उरला तथा 19 फरवरी को जोन कार्यालय पद्मनाभपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर मेला सुबह 11 से शाम 5 बजे तक लगेगा। मेले में सभी बैंक प्रतिनिधियों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को ऋण प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी जाएगी।

# 56.76 लाख की लागत से बिछेगी पाइपलाइन, पानी समस्या से मिलेगी निजात

**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत 56.76 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार ने किया।

इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा तथा लंबे समय से चली आ रही जल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निगम जनआकांक्षाओं के अनुरूप योजनाबद्ध विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर रहा है।

## 15वें वित्त आयोग मद से होगा जल सुविधा का सुदृढ़ विस्तार



### ऑक्सीजोन में 1 करोड़ के होंगे विकास कार्य



वार्ड क्रमांक 29 सिविल लाइन में एसपी बंगला से लेकर वन विभाग कार्यालय तक सड़क निर्माण एवं दोनों ओर पेवर ब्लॉक पेविंग कार्य का भूमिपूजन महापौर अलका बाघमार द्वारा किया गया। 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत 1 करोड़ की लागत से होने वाले इस कार्य का शुभारंभ सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदों की मौजूदगी में किया गया। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि सिविल लाइन क्षेत्र को ऑक्सीजन जोन के रूप में जाना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक सुबह-शाम वॉक और व्यायाम के लिए पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं पेवर ब्लॉक कार्य अत्यंत आवश्यक है, जिससे आमजन को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप उनकी निगरानी में ही कराया जाए।

सभापति श्याम शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग जनहित के कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर जल प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोक निर्माण प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद अश्विनी निषाद, विद्युत प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, मनोज सोनी, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, लोकेश्वरी ठाकुर, जितेंद्र ताम्रकर, पूर्व पार्षद सुरेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, हरीश चौहान, रामफल शर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थवानी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, चंद्रेश राठी, यशवंत जायसवाल आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने प्रोजेक्ट के अंतर्गत जारी कार्यों का किया निरीक्षण

# चार समूहों की जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 77 से ज्यादा गांवों में जल्द पहुंचेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय योजना के चार समूहों के 77 गांवों में जल्द साफ पानी पहुंचेगा। इसे लेकर खारून और शिवनाथ नदी के तट पर इंटकवेल का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने चल रहे इन कामों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों से इस बारे में जानकारी ली। साथ ही गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय में काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को साथ पाटन और दुर्ग ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे।

## इंटकवेल, फिल्टर प्लांट और स्टोरेज सेंटर का भी किया निरीक्षण



### ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंचाने की तैयारी

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन समूह जल परियोजनाओं के अद्यतन प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों और कांट्रेक्टरों से चर्चा कर परियोजना अंतर्गत कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन के उद्देश्य हर घर जल को ध्यान में रखते हुए कार्य में प्रगति लाएं, ताकि मिशन के लक्ष्य के मुताबिक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान जल प्रदाय परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, एमबीआर और खारून एवं शिवनाथ नदी किनारे बनाये जा रहे इंटकवेल का अवलोकन किया।

### हर समूह में बनाई जा रही 210 किली क्षमता की पानी टंकी

अधिकारियों ने बताया कि एमबीआर (मास्टर बैलेंसिंग रिसर्वर) एक बड़ी पानी टंकी होती है, जो मुख्य पाईपलाईन से आने वाले पानी को जमा करती है और फिर गांव की छोटी टंकियों में वितरित करती है। इसकी क्षमता 210 किलोलीटर की है। ओदरागहन-सूरपा समूह जल परियोजना से 19 गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। कौही-रानीतराई समूह जल परियोजना से 14 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। चंदखुरी समूह जल परियोजना से 31 गांवों को और निकुम समूह जल परियोजना से 13 गांवों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। प्रत्येक इंटकवेलों में 18-18 हार्सपावर के तीन-तीन पम्प स्थापित किये गये हैं।



### बिजली आपूर्ति के लिए स्थापित किए जाएंगे ट्रांसफार्मर

कलेक्टर ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और इंटकवेलों में विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पीएचई को ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत विभाग को डिमांड राशि जमा कराने निर्देशित किया। उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लगाये गये अन्डर ग्राऊण्ड पाईपलाईन की पहचान के लिए संकेत चिन्ह लगाने तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र का सीमांकन कराकर बाउण्ड्रीवॉल बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डेय, विभाग के सहायक इंजीनियर, सब इंजीनियर एवं कॉन्ट्रेक्टर उपस्थित थे।

# बालोद और धमतरी से रेत का अवैध परिवहन, पाटन में बिना अनुमति खोदी जा रही मुरम, हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले लंबे समय से बालोद और धमतरी से दुर्ग जिले की लगी सीमाओं से रेत का अवैध परिवहन हो रहा है। ओवर लोड हाईवा धड़ल्ले से ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते दुर्ग पहुंच रहा है। रात के समय यह खेल चल रहा है।

कांकेर जिले के चरामा तक के रेत का खनन कर इसे दुर्ग जिले में खपाया जा रहा है। सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर लंबे समय से यह अवैध परिवहन हो रहा है। गुरुवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अचानक जलजीवन मिशन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अवैध परिवहन से जुड़ी शिकायत मिली। इसके बाद 4 हाईवा को जब्त कर रानीतराई थाने में खड़े करवाया गया। इसी प्रकार पाटन-रानीतराई मार्ग पर जेसीबी की मदद से नियम विरुद्ध मुरम का खनन किया जा रहा है। सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद मौके से जेसीबी और एक ट्रैक्टर जब्त किया।

- 1 जेसीबी, 1 ट्रेक्टर और 4 हाईवा किए गए जब्त, रानीतराई थाने में कराया

जानकारी के मुताबिक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बता दें कि खनिज विभाग, आरटीओ और पुलिस महकमें के नाक के नीचे से अवैध परिवहन और खनन का यह खेल लंबे समय से चल रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जाती रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। गुरुवार को भी महज कुछ वाहनों पर कार्रवाई की गई। एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने रानीतराई-पाटन के समीप जेसीबी द्वारा अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने और ट्रेक्टर द्वारा परिवहन करते पाये जाने पर उक्त जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर को जब्त किया। इसी प्रकार राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार पाटन के नेतृत्व में बालोद-धमतरी से रेत परिवहन करते पाये जाने पर चार हाईवा वाहन को जब्त कर रानीतराई थाने के सुपुर्द किया। एसडीएम लवकेश ध्रुव ने बताया कि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों के संचालकों को भी बगैर अनुमति के ईंट भट्ठे लगाकर पर्यावरण प्रदूषित करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अवैध उत्खनन और ईंट भट्ठों पर आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# पेयजल के जर्जर पाइप नालियों से गुजर रहे, संक्रमण का खतरा




जंग लगी जर्जर पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 8 में पेयजल व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। यहां वर्षों पुरानी पाइपलाइन अब पूरी तरह जर्जर हो गई है। कई जगह से पाइप फट चुके हैं और लगातार लीकेज हो रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि नाली का गंदा पानी भी पेयजल लाइन में मिल रहा है। महिलाओं ने आयुक्त की अनुपस्थिति में निगम सभापति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए वार्ड की महिलाओं ने बताया कि कई सालों से इस समस्या को लेकर कभी पार्षद तो कभी नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। गंदा पानी पीने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक है, ऐसे में दूषित पानी की सप्लाई से हालात और बिगड़ सकते हैं।

- वार्ड 8 की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



नाली से गुजरी पाइप लाइन

### नाली से गुजरी पाइप लाइन में लीकेज

भिलाईतीन-चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित सतनामी मोहल्ला में पानी की पाइप लाइन नाली के भीतर से गुजारी गई है। पाइप लाइन वर्षों पुरानी हो चुकी है, जिस पर जंग लग गया है और कई जगह से लीकेज हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन जगहों पर पाइप लाइन टूटी है, वहीं से नाली का गंदा पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल रहा है। यही दूषित पानी अब घरों तक पहुंच रहा है। वार्डवासियों के मुताबिक, इस समस्या की शिकायत कई बार पार्षद और नगर निगम प्रशासन से की गई, लेकिन अब तक न तो पाइप लाइन बदली गई और न ही स्थायी मरम्मत हुई।

### निरीक्षण के बाद किया जाएगा संधारण

पाइप लाइन में लीकेज की शिकायत मेरे संज्ञान में आया है। निरीक्षण के बाद शीघ्र ही जर्जर पाइप लाइनों का संधारण किया जाएगा। जरूरत पड़े तो पार्षद निधि के रुपए से काम कराया जाएगा।

**-हेमंत वर्मा गुलमोहर,** पार्षद वार्ड 8, भिलाईतीन-चरोदा निगम

# राम खिलावन यादव बने बीजेपी जिला कार्यसमिति के सदस्य



**दुर्ग।** रसमड़ा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामखिलावन यादव को दुर्ग जिला भाजपा के कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। रामखिलावन यादव ने इस दायित्व के लिए सभी वरिष्ठ नताओ एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुनेन्द्र कौशिक को उनके निवास स्थल पहुंचकर धन्यवाद ज्ञापित किया। विशेष रुप से जिलामंत्री राहुल पंडित मौजूद थे। रामखिलावन यादव दुर्ग ग्रामीण मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के प्रचार मंत्री, भाजपा मजदूर मोर्चा दुर्ग ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष भाजपा के अनुशासनिक संगठन भारतीय मजदुर संघ के प्रदेश सचिव, दो बार के सरपंच, दूसरे बार पंच चुना गया। चर्चा के दौरान हरिकृष्णा ठाकुर, राजकुमार शर्मा, रुपेश कुमार यादव, भगवानी साहू, तुलसी यादव, महेन्द्र सिन्हा, रामनारायण निषाद, संजय निर्मलकर, संजू यादव, छोटू यादव, कुम्भलाल साहू, किशोर यादव, प्रवीण यादव आदि मौजूद थे।

# हेलमेट और सीट बेल्ट पर सख्ती, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सड़क सुरक्षा को लेकर दुर्ग यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सेक्टर-6 भिलाई स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष में विशेष समीक्षा बैठक और सम्मान समारोह आयोजित कर हेलमेट व सीट बेल्ट जांच अभियान की प्रगति का आकलन किया गया।

- ट्रैफिक पुलिस की समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट जवान हुए सम्मानित

इस बैठक में जिले के प्रमुख और संवेदनशील चौक-चौराहों पर चल रही कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें बताया गया कि मुरगा चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक रिसाली, जुनवानी चौक और राजेंद्र प्रसाद चौक दुर्ग जैसे व्यस्त स्थानों पर बिना हेलमेट दोपहिया और बिना सीट बेल्ट चारपहिया चलाने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। आंकड़ों के आधार पर यह भी देखा गया कि किन क्षेत्रों में नियम उल्लंघन ज्यादा हो रहा है और वहां प्रवर्तन कार्रवाई को और तेज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अभियान में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कार्रवाई सतत, निष्पक्ष और कानून के अनुरूप होनी चाहिए। यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट और चारपहिया चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शून्य टैरिफ पर अमेरिका से आयात को लेकर किसानों का प्रदर्शन

# कृषि व डेयरी उत्पादों की आयात पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास जबरदस्त प्रदर्शन किया। डील को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए नारेबाजी किया।

- दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास किया गया प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि देश भर में अनेक किसान संगठन आज डील के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए राजकुमार गुप्त, आईके वर्मा, झबेंद्र भूषण वैष्णव और उत्तम चंद्राकर ने कहा कि शून्य टैरिफ पर अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद करने से भारत के किसान और दुग्ध उत्पादक किसान प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पायेंगे और बर्बाद हो जायेंगे। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि डील गैरबराबरी का समझौता है भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले सामानों पर 18% टैरिफ और भारत आयात होने वाले सामानों और उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है, वक्ताओं ने डील तत्काल रद्द करने की मांग की।

### किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रमकोर्ड के खिलाफ श्रमिकों को दिया समर्थन

किसान नेताओं ने 4 केंद्रीय श्रम कोड के खिलाफ श्रमिकों के अभा हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि इससे औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के 33% अवसर समाप्त हो जायेंगे इसके अलावा ट्रेड डील के अनुसार अमेरिका के औद्योगिक उत्पाद के आयात से भारत के अनेक उद्योग के बंद होने की स्थिति निर्मित हो सकता है और वहां कार्यरत श्रमिक रोजगार से वंचित हो सकते हैं। डील के खिलाफ प्रदर्शन में परमानंद यादव, कमलनारायण अग्रवाल, मेघराज मढ़रिया, रविप्रकाश ताम्रकार, ढालेश साहू, बाबूलाल साहू, प्रमोद पंवार, संतुलाल पटेल, देवशरण साहू, दीपक यादव, पुकेश्वर साहू मौजूद थे। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद, राकेश ठाकुर आदि ने किसानों की मांग का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### धर-पकड़ : 3 आरोपियों को भेजा गया जेल

**भिलाई।** तीन शराब बेचने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम गाड़ाडीह एवं इंदिरा नगर उतई से अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा गया। राउतपारा, ग्राम गाड़ाडीह, थाना उतई निवासी विजय यादव, वार्ड 6 यादवपारा, ग्राम गाड़ाडीहमुकेश नवरंगे उर्फ नजरू, गोल्डन कॉम्पलेक्स, इंदिरा नगर उतई प्रेमसुख ढीमर को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.760 बल्क लीटर, दो पहिया वाहन,30 पौवा देशी मदिरा प्लेन कुल 5.40 बल्क लीटर, 31 पौवा शोले शराब जब्त किया गया।

### सेल वालीबॉल प्रतियोगिता, चयन 24 से

**भिलाई।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा 24 से 27 फरवरी तक दुर्गापुर में सेल वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें इसमें बीएसपी सहित सेल के सभी इस्पात संयंत्रों की टीमें भाग लेंगी। भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के गठन के लिए क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 12 फरवरी को शाम 4बजे वालीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर 1 में चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के इच्छुक प्रतिभागी वालीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर–1, भिलाई में चयनकर्ता दीपक मित्रा,विनोद नायर, निजामुद्दीन, बीएस श्रीनिवास, शेख महमूद से संपर्क कर सकते हैं।

### कुमकुम ने विश्व विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया

**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी की होनहार छात्रा कुमकुम साहू ने एम. एस.सी. (माइक्रो बायोलॉजी) में हेमचंद यादव बिश्व यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं शिक्षको को गौरवान्वित किया है। वे सी.ए. जतिन पटेल के यहां सीनियर एकाउन्टेंट के रूप में कार्यरत महेश कुमार साहू और प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका कविता साहू की सुपुत्री है। कुमकुम साहू शुरू से ही पढ़ाई में कुशाग्र रही है।



### अंतर विभागीय फुटबॉल स्पर्धा चौबीस से

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी से 3 मार्च तक बीएसपी फुटबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर–01, भिलाई में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी नियमित एवं प्रशिक्षु कर्मचारी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी टीमों में संकार्य जोन में आयरन जोन, स्टील जोन, मिल्स जोन एवं गुणवत्ता जोन तथा अनुरक्षण एवं उपयोगिताएँ शामिल हैं। वहीं गैर-संकार्य जोन में सामग्री प्रबंधन, प्रशासन, नगर सेवाएं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, खदान, मानव संसाधन विभाग तथा सर्विसेस जोन सम्मिलित हैं। प्रविष्टि संबंधित विभाग के माध्यम से क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के कार्यालय, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर 4 में अंतिम तारीख 20 फरवरी तक प्रेषित करनी होगी।

### भाई के हत्यारे को उम्रकैद

**दुर्ग।** नेवई थाना अंतर्गत स्टेशन मरोदा स्थित डबरी के पास करीब ढाई साल पहले हुई हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी भाई दीपक राजपूत को आजीवन कारावास से दंडित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधी के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण में लंबी सुनवाई के बाद प्रार्थी और आरोपी की पत्नी बीना राजपूत की गवाही सबसे अहम मानी गई। कोर्ट ने आरोपी को धारा 302 में आजीवन और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। धारा 201 में 5 वर्ष और 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। राशि अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 17 सितंबर 2023 को रात करीब 8.45 बजे की है।

# बालोद में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 20 फरवरी से परीक्षाएं प्रारंभ

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर वर्ष 2026 की हाई स्कूल हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है।

परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संचालन का संपूर्ण दायित्व केंद्राध्यक्षों को सौंपा गया है। केंद्राध्यक्ष के दायित्व को निर्धारित प्रक्रिया एवं नियमों के तहत परीक्षा संचालन के लिए जिला पंचायत सभागार बालोद में बोर्ड परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निर्देश प्रदान किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने कहा कि केंद्र पर गोपनीय सामग्री के प्रति सजग रहे जरा सी असावधानी होने पर परीक्षा संचालन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। परीक्षा संचालित करते समय प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, नकल प्रकरण पर विशेष ध्यान रखें। पर्यवेक्षक जिम्मेदारी के साथ परीक्षा कार्य में शांति और अनुशासन के साथ परीक्षा व्यवस्था में सहयोग दें।

## केंद्राध्यक्षों को प्रशिक्षण और परीक्षा संचालन के नियमों के निर्देश



### दिए गए आवश्यक निर्देश

उन्होंने परीक्षा की तैयारी एवं काउंसलिंग पर भी चर्चा की। स्त्रेत प्रशिक्षक समन्वय केंद्र प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि केंद्राध्यक्ष अपनी उपस्थिति में पैकेट को सील कराएं। निर्देशों के अनुसार सभी प्रपत्र बंडल के अंदर रखे जाएं। प्रश्न पत्र वितरण केंद्र पर उपस्थिति पत्रक के आधार पर विषय वार संख्या अनिवार्य रूप से निकाल लिया जाए उसके बाद ही बीजक से मिलान करते हुए प्रश्न पत्रें के लिफाफे प्राप्त किया जाए। परीक्षा हेतु समस्त सामग्री की जांच एवं बैठक व्यवस्था परीक्षा से पूर्व तैयारी कर ली जाए। परीक्षा केंद्र में कोई पुस्तक, उपकरण, कैलकुलेटर, मोबाइल लाना पूर्णत वर्जित है।

## मांग : बाइक रैली और आमसभा में श्रमिकों ने बुलंद की आवाज

# चार श्रम संहिताओं के खिलाफ खदानों में हड़ताल, दल्लीराजहरा बना प्रतिरोध का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2026 से लागू किए जा रहे चार नए श्रम कानूनों के विरोध में देशभर में आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ दल्लीराजहरा की लौह अयस्क खदानों में भी 12 फरवरी को सीटू के नेतृत्व में जबरदस्त एक दिवसीय हड़ताल दर्ज की गई। सात यूनियन मौजूद होने के बावजूद इस संघर्ष का नेतृत्व केवल सीटू ने किया, जबकि अन्य यूनियनें हड़ताल से अलग रहीं। सुबह 5 बजे से ही सीटू कार्यकर्ताओं ने सभी खदानों में नाकेबंदी कर मोर्चा संभाल लिया। हर खदान का गेट धरना स्थल में तब्दील हो गया। राजहरा माइंस में लगभग 60% उत्खनन कार्य ठप रहा। महामाया, डुलकी और कलवर नागुर माइंस में करीब 7 घंटे तक उत्पादन पूरी तरह बंद रहा। दल्ली माइंस में भी उत्पादन में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही मेंटेनेंस, कैंटीन, सुरक्षा गार्ड, सपोर्ट सेवाएं भी गंभीर रूप से प्रभावित रहीं।

**श्रमिक नेताओं का हल्ला बोल:** सीटू अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि यह हड़ताल वेतन या भत्तों की मांग की नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष से हासिल किए गए श्रमिक अधिकारों को बचाने की लड़ाई है। पुराने 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर बनाए गए चार लेबर कोड पूरी तरह मजदूर विरोधी हैं। इन कानूनों से काम के घंटे 12 घंटे तक बढ़ाए जा रहे हैं, 300 तक मजदूर वाले संस्थानों में छंटनी और तालाबंदी की खुली छूट दी जा रही है, हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर पाबंदी लगाई जा रही है और श्रमिक संगठनों को कमजोर करने का षड्यंत्र रचा गया है। ये कानून मजदूरों को अधिकार नहीं, गुलामी की ओर धकेलते हैं। वहीं संगठन सचिव प्रकाश क्षत्रिय ने कहा कि यह हड़ताल किसी एक यूनियन की नहीं, बल्कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के मजदूरों के भविष्य की लड़ाई है। कानून ऐसे बनाए जा रहे हैं कि मजदूर मालिकों के सामने खड़े भी न हो सकें। हड़ताल करने वालों पर जेल और जुर्माने के प्रावधान लोकतंत्र पर सीधा हमला हैं। सरकार पूंजीपतियों के हित में देश की संपदा, जंगल, जमीन और संसाधनों को सौंप रही है, जिसका मजदूर वर्ग लगातार विरोध करता रहा है और करता रहेगा। सचिव पुरुषोत्तम सिमैंया ने कहा कि आज की हड़ताल की सफलता ने साबित कर दिया है कि सीटू मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए ईमानदारी और साहस के साथ संघर्ष कर रही है। मजदूरों ने एक दिन का वेतन कुर्बान कर अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया है। यदि सभी यूनियनें एकजुट होतीं तो दल्लीराजहरा एक बार फिर देशभर में श्रमिक आंदोलन का केंद्र बन जाता।



**बाइक रैली और आमसभा से गूंजा शहर:** सुबह 11 बजे पूरे शहर में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें नए श्रम कानून रद्द करने के नारों से दल्लीराजहरा गूंज उठा। शाम 4 बजे माइंस ऑफिस के सामने विशाल आमसभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों की भागीदारी रही।

### साफ संदेश: श्रम संहिताएं नहीं, अधिकार चाहिए

इस एक दिवसीय हड़ताल ने यह स्पष्ट कर दिया कि दल्लीराजहरा का श्रमिक वर्ग चार श्रम संहिताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। मांग साफ है चारों श्रम संहिताएं रद्द हों,पुराने 29 श्रम कानून बहाल किए जाएं,मजदूरों के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान की गारंटी सुनिश्चित की जाए,दल्लीराजहरा की यह हड़ताल सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि श्रमिक स्वाभिमान, अधिकार और भविष्य की रक्षा का मजबूत ऐलान बनकर उभरी है। यह संघर्ष आने वाले समय में और व्यापक रूप लेगा-यह संदेश अब पूरी मजबूती के साथ सामने आ चुका है।

# 33 हितग्राहियों को मिला लॉटरी से पीएम आवास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- विधायक रिकेश भी रहे विशेष रूप से मौजूद

शासन के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकानहीन परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी का आायोजन किया गया।

लाटरी कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी एवं अधीक्षण अभियंता सह आवास नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 33 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है। भिलाई शहर में निवास कर रहे नागरिक जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है, उन्हे सरकार द्वारा पक्का मकान उपलब्ध कराने की योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत नागरिकों को न्यूनतम दर पर पक्का मकान दिया जा रहा है। नागरिक नियमानुसार नगर निगम भिलाई के आवास शाखा में आवेदन किये है। आवेदक द्वारा जमा किये गये आवेदनों का सक्षम स्वीकृति लेने पश्चात आवास आबंटन की लाटरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाटरी के दौरान आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी मोहन राव, नूतन साहू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फुटपाथ पर कारोबार करने वालों पर पुलिस और निगम सख्त, हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- भारी पुलिस बल की मौजूदगी में भिलाई निगम की बेदखली कार्रवाई

नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत आने वाले नंदनी रोड क्षेत्र में गुरुवार को बेजा कब्जा हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। सबसे व्यस्तम रोड के दोनों किनारे कारोबार करने वालों पर लंबे अरसे बाद यह कार्रवाई की गई है। खास बात यह है कि सड़क के दोनों छोर पर दुकानदार अपना सामान भी रोड पर निकाल देते हैं। इन पर भी जुर्माना ठोंका गया।इस कार्रवाई से पूरे दिन आवागमन करने में लोगों को बड़ी सुविधा हुई।

नंदिनी रोड सुपेला पावर हाउस से लेकर एसीसी जामुल चौक तक बेजा कब्जा करने वालों की वजह से ट्रैफिक प्रभावित रहता है। सुपेला बड़ा बाजार क्षेत्र है। जिसकी वजह से सुबह से लेकर रात तक हजारों लोगों का आवागमन यहां होता है। इसलिए यह सबसे बड़ा कारोबारी क्षेत्र से लोगों को गुजरना एक चुनौती जैसा है। पावर हाउस का बस स्टैंड भी है और दोनों किनारे बड़ा व्यवसायिक दुकानें हैं। ठेले-खोमचे वाले सड़क किनारे रोज कारोबार करते हैं। दुकानदार भी अपना कारोबार सड़क तक फैलाकर रखते हैं। जिसकी वजह से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। बेदखली कार्रवाई के बाद सड़क काफी चौड़ी हो गई है।



### 20 हजार रुपए का लगाया गया अर्थदंड

निगम प्रशासन ने व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ बेदखली अभियान चलाते हुए 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी वसूला। लंबे समय से यह शिकायत मिल रही थी कि नंदनी रोड पर व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों और फुटपाथ पर फैलाकर रखा जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा था और राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नागरिकों की असुविधा को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया।

### इन व्यावसायियों पर की गई चालानी कार्रवाई

कार्यवाही के दौरान निगम की टीम ने सड़क पर रखे सामानों को जब्त कर मार्ग को खाली कराया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 4 व्यापारियों पर 20 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें हरियाणा ट्रेडर्स, गुड्डु ट्रेडर्स, प्रिया सेल्स एवं अन्य शामिल हैं। साथ ही, सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में सड़क पर सामान पाए जाने पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### जिला प्रशासन व पुलिस अमला भी रहा मौजूद

नंदनी रोड पर कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने बाधा डालने की भी कोशिश की। तनावपूर्ण स्थिति के बीच यह कार्रवाई की गई। हालात को देखते हुए निगम ने पहले ही जिला प्रशाासन से पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की थी। इसके चलते सीएसपी छावनी, थाना प्रभारी मनीष शर्मा व तहसीलदार डिकेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। निगम की तरफ से सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, बाल कृष्ण नायडू, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक प्रभारी हरिओम गुप्ता, निगम की बेदखली टीम एवं पुलिस बल की तैनाती रही।

# सामूहिक दुष्कर्म के फरार आरोपियों को पकड़ने एनएसयूआई का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

- एसएसपी के नाम ज्ञापन सौंप की शीघ्र कार्रवाई की मांग

सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी।

ज्ञापन में कहा गया कि लोक निर्माण विभाग दुर्ग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक नाबालिग युवती के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़िता की शिकायत पर 30 जनवरी 2026 को दुर्ग पुलिस द्वारा 6 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि फरार आरोपियों में भीम नारायण पाण्डेय और संजय पंडित शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक एसआईटी का गठन नहीं किया गया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। संगठन ने आशंका जताई कि जांच प्रक्रिया में हो रही देरी कहीं किसी प्रकार के दबाव का परिणाम तो नहीं है। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष आदिल खान, संगठन मंत्री मिशंक मिश्रा, भिलाई विधानसभा अध्यक्ष संगम यादव, जिला महासचिव राहुल सिंह, पीयूष सिंह, वैभव गिरी, दिव्यांशु मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## 15 फरवरी को मांस मटन की दुकानें रहेंगी बंद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस, मटन विक्रय की दुकानें 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर बंद रखी जाएगी। पशुवध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद करते हुए शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।

## पेज 11 के शेष

### पड़ोसियों के बीच ...

साथ मारपीट किये, मेरी पत्नी और बेटी आकर बीच बचाव किये हैं, नेमीचंद यादव और धनुष यादव ने मेरी बेटी रामेश्वरी को भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये, मारपीट से मेरे बांये हाथ के कोहनी के पास, बाये तरफ कंधें में दर्द हो रहा है, और मेरी बेटी सीने और गाल मे दर्द हो रहा है।

### बालोद में बिजली टैरिफ पर ...

उद्योग एवं सायं 4 से 5:30 बजे तक उच्च दाब उद्योग अपनी सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे। याचिकाओं का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट सीएसईआरसी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। दुर्ग क्षेत्र के सभी इच्छुक सम्मानीय उपभोक्ता और विभिन्न संगठन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

### महिला के साथ युवकों ने ...

गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये व सोनू साहू ने अपने हाथ में पहने चूड़ा से एवं शीतल यादव एवं राज साहू ने डण्डा से मारपीट किये, मारपीट करने से देवेन्द्र कुमार के नाक के पास, बाएं हाथ के कंधा, दाहिने हाथ के मध्यम उंगली में चोट लगा है।

### पुतलीकला कार्यशाला में ....

और छात्रें के मध्य शैक्षणिक संवाद तथा प्रभावशाली शैक्षिक गतिविधियां आयोजित हुई। उक्त प्रशिक्षण में शिक्षकों को अलग–अलग राज्यों की संस्कृति को जानने और समझने का मौका मिला तथा शिक्षक समूह विभिन्न राज्यों के नए शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित हुए और प्राप्त अनुभवों को अपने कार्य क्षेत्र में निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत पुरातत्व विभाग के प्रमुख तथा विद्यापीठ साहित्य संस्थान उदयपुर के प्रोफेसर जीवन लाल खड़गवाल द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# जोन-3 में निर्माण और सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जोन-3 क्षेत्रांतर्गत नव निर्माण सुलभ शौचालय, केयरटेकर रूम निर्माण, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट का निरीक्षण कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा किया गया। जोन में चल रहे कार्यो को और बेहतर करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह ने वार्ड क्रमांक 37 में डी.एम.एफ मद से नव निर्माण सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। इस शौचालय के निर्माण होने से सैकड़ो नागरिकों को सुविधा मिलेगी। रविदास नगर सब्जी मंडी सुलभ इंटरनेशनल शौचालय में अतिरिक्त केयरटेकर के लिए रूम निर्माण किया जा रहा है जिसका निरीक्षण किया गया। नागरिको को किसी प्रकार की असुविधा होने पर केयरटेकर द्वारा तत्काल उसका मौके पर निराकरण कर सके। सर्कुलर, जवाहर, अनाज, सब्जी मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा किया गया है। दुकानों के सामने एवं सड़को पर फैले कचरे को एकत्र कर एस.एल.आर.एम. सेंटर में खाद बनाया जा सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने एकलव्य महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मिश्रा ने महाविद्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य को निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्राचार्य को महाविद्यालय परिसर को अनुकूलन शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित के भी निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने किया रोपणी का निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज घोठिया रोड में स्थित ग्राम तालगांव पहुँचकर वहाँ स्थित वन विभाग के शासकीय रोपणी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित वन मण्डल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल से इस शासकीय रोपणी के क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक डिकलेश कंवर भी उपस्थित थे।

### प्राकृतिक आपदा मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के मृत व्यक्ति के परिवार के निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 4-4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में बालोद तहसील के मृतक धाना बाई ठाकुर के पुत्र संतराम ग्राम पिपरछेड़ी, डौण्डी के मृतक सोनउ देहारी के पत्नी शांति एवं अर्जुंदा के बलिराम के पत्नी शमल बाई को 4-4 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सुमित बाजार के पास, स्टेशन रोड क्षेत्र में पिस्टल लहराकर लोगों को डराने वाले तीन युवकों को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए एक नकली पिस्टल जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें तीन लोगों द्वारा वाहन में बैठकर नकली पिस्टल लहराते हुए लोगों को डराने का काम किया जा रहा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए थाना मोहन नगर पुलिस द्वारा तत्काल जांच प्रारंभ की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## समस्या

### स्वच्छता अभियान प्रभावी, लेकिन शराबी और अराजक तत्व बढ़ा रहे मुश्किलें

# तांदुला नदी पर प्रशासन की मेहनत शराबी कर रहे बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की जीवन दायिनी तांदुला नदी को स्वच्छ सुंदर रखने की जिला प्रशासन एवं नगर पालिका बालोद प्रशासन की मेहनत को शराबी एवं अराजक तत्व बर्बाद कर रहे है। अब प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाने की संभावना बढ़ गई है। एक माह पूर्व जिला कलेक्टर के निर्देशन व मार्गदर्शन मे तांदुला नदी की साफ सफाई करने अभियान चलाया गया। जिलेवासियो ने श्रमदान किया एवं प्रशासन ने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया।

- नगर पालिका सतर्क, आम जनता का सहयोग आवश्यक

वर्षो से तांदुला की सफाई का प्रयास किया जाता रहा है, प्रशासन द्वारा जन भागीदारी से अभियानगया। आम तौर पर पूर्व में देखा गया कि एक बार अभियान चलाकर प्रशासन अपने कर्तव्य को पूर्ण समझ लेता था। पहली बार देखा जा रहा है कि सफाई अभियान चलाने के बाद नगर पालिका प्रशासन तांदुला को साफ रखने सक्रियता एवं गंभीरता से कार्य कर रही है। सफाई महाअभियान के बाद नगर पालिका प्रशासन प्रति शुक्रवार को तांदुला नदी व तटो की सफाई करता है, लेकिन उसके बाद सात दिनो में शराब प्रेमी व अराजक तत्व उस स्वच्छ सुंदर नदी मे कचरो का अंबार कर देते है, शराब प्रेमी शराब पीकर प्लास्टिक, डिस्पोजल, गिलाज पानी, पाउच की झिल्ली व चखना व अन्य सामग्री तट पर फेक रहे है। कुछ लोगो की लारपरवाही ने तांदुला नदी को स्वच्छ रखने की प्रशासन की कोशिशो को जटिल बना दिया है। लगातार कचरा डालने से स्वच्छता दीदीयो एवं नगर पालिका के अधिकारियो को प्रति सप्ताह कड़ी मेहनत एवं अधिक समय इस सफाई मे लगाना पड़ रहा है।







### प्रशासन की अपील: जनता का सहयोग आवश्यक

गौरतलब है कि नदी का तट साफ सुंदर होने से यह स्थल शराब प्रेमियो की पसंदीदा जगह बन गई है। जब तट व नदी गंदी रहती थी तब भी शराब प्रेमी यहां बैठकर शराब पीते थे। पूर्व में इस पर अंकुश लगाने पुलिस गस्त प्रारंभ कर कानूनी कार्यवाही भी की जाती रही, जो वर्तमान में बंद है। अब नदी के स्वच्छ होने से अधिक संख्या मे शराब प्रेमी नदी तट पर पहुंचकर कचरा फैलाने का कार्य कर रहे है। नगर पालिका प्रशासन ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि तांदुला नदी जिले की पहचान है, जिले के विकास का आधार है, नदी की स्वच्छता से जीव जंतु भी सुरक्षित रहते है, लाखो लोग इस पर आश्रित है, नदी को गंदा होने पर उन सब पर संकट उत्पन्न होगा, नदी को साफ रखने, नदी के तट को स्वच्छ रखने मे आम जनता का सहयोग जरूरी है।

## भारतीय किसान संघ एवं गन्ना किसान संघ की हुई मासिक बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय किसान संघ बालोद एवं गन्ना किसान संघ मासिक बैठक गंगा मैया प्रांगण झलमला में संपन्न हुआ। बैठक में संगठन विस्तार एवं किसानो के विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा की गई। इस वर्श धान खरीदी में हुई परेशानियो को देखते हुए अगले साल धान खरीदी में इन समस्या से निजात कैसे मिलेगा उस पर विचार किया गया। बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकेन्द चंद्राकर ने कहा कि संगठन विस्तार के लिए प्रत्येक पदाधिकारियों को 10 से 15 ग्रामो का जिम्मेदारी लेकर ग्राम समीति का गठन करना है और जिस तहसील में गठन नहीं हुआ है, उस तहसील में जाकर भारतीय किसान संघ का गठन करना है।

- संगठन विस्तार और धान खरीदी से जुड़े किसानों के मुद्दों पर चर्चा

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में शामिल भारतीय किसान संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष टीकेन्द चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार मंत्री चाणक्य यादव, उपाध्यक्ष देवी लाल डण्डसेना, उपाध्यक्ष टिकम साहू, जैविक प्रमुख मनहरण साहू, गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला अध्यक्ष डॉ तेज़ राम साहू, संरक्षक छगन देशमुख, उपाध्यक्ष कृष्ण राम साहू, भारतीय किसान संघ जिला सहकारिता प्रमुख बुधारु राम साहू, जिवन पटेल, डौंडीलोहारा तहसील संयोजक पुष्पेन्द्र नेताम, विद्युत प्रमुख खुमु ठाकुर, जिला महिला प्रमुख भुनेश्वरी साहू, रेखा साहू, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू कमल किशोर साहू सहित किसान उपस्थित थे।

## कलंगपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर लगेगा भव्य मेला



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम कलंगपुर से सिकोसा मार्ग पर स्थित धार्मिक एवं पावन स्थल जय जोगीमठ बाबा मंदिर के प्रांगण में भव्य मेला का आयोजन होता है, इस वर्ष भी 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि पर भव्य मेला का आयोजन जोगीमठ जन सेवा समिति के द्वारा पूर्ण तैयारी व व्यवस्था किया गया है। इस दिन यहां आस पास के दर्जनों ग्रामों सहित दूरदराज से श्रद्धालुगण इस मेला में शामिल होने आते हैं, यहां सुबह 4 बजे से श्रद्धालुओं की कतारें मंदिरों की परिक्रमा व पूजा अर्चना करने लग जाते हैं, मंदिर प्रांगण में यहां जोगीमठ जन सेवा समिति संहित आदिवासी समाज के बुढ़ादेव मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन यहां सुबह 10 बजे से 2 बजे तक संत समागम कार्यक्रम संत ईश्वर साहेब जी कबीर आश्रम फलोदी जोधपुर सहित अन्य संतों का समागम व प्रवचन होंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से चंदा के अंजोर रिकार्डिंग डॉस परिवार की प्रस्तुति होगी। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित के रूप में क्षेत्र के विभिन्न बड़े बड़े जनप्रतिनिधियों का आगमन होंगे।

- जय जोगीमठ बाबा मंदिर में संत समागम और सांस्कृतिक कार्यक्रम

## इंटर्नशिप पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**गुरूर।** पीएमश्री सेजेस गुरूर प्राचार्य बीपी यादव की अध्यक्षता में विद्यालय के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत रिटेल और टेलीकॉम ट्रेड की छात्रओ को उनकी इंटर्नशिप पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कक्षा 9वीं से 12 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमो के माध्यम से छात्रे के कौशल विकास और व्यावसायिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोनो ट्रेडो रिटेल जिसके प्रशिक्षक आशुतोश सिंह और टेलिकॉम जिसके प्रशिक्षक विपिन चन्द्राकर छात्र छात्र को प्रशिक्षण देने का काम कर रहे है। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को कार्य अनुभव प्राप्त करने के लिए विभिन्न संस्थानो में 10 दिवसीय की इंटर्नशिप पूर्ण की जिसके पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## मेगा बैठक में शिक्षक-पालक-विद्यार्थियों का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मोहारा में मेगा बैठक के तहत शिक्षक, पालक और बच्चों का सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर खुली चर्चा, कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी गई विशेष हिदायत

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे।

अध्यक्षता अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहारा छबि लाल धनकर ने किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेशवरी नेताम, विधायक प्रतिनिधि धनुष राम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा केशव राम धनकर, मनोज बंजारे एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने कहा परीक्षा का समय बहुत कम है, सभी अच्छे से पढ़ाई करे। छबीलाल धनकर ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहने और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा, शिक्षक पालक और बच्चे एक साथ बैठकर बच्चों का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम पालक के सामने बताया गया, जिसका नंबर कम है उसको हिदायत दिया गया कि आप अपनी पढ़ाई में अच्छे से ध्यान दो और अच्छे अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का और अपने मां-बाप का नाम रोशन करें। इस अवसर पर डोमेन्द ठाकुर, झामीन साहू, धनेश साहू, रोमलाल साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य समस्त पालक एवं समस्त शिक्षक एवं समस्त बच्चों बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन ईश्वर राय ने किया और कार्यक्रम का आभार प्रभारी प्रधान पाठक शैलेंद्र कुल्हाड़े ने किया।



## शासकीय कार्य में बाधा के दो और आरोपी गिरफ्तार, जमानत पर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जमीन रजिस्ट्री की बढ़ी दरों के विरोध में पटेल चौक पर हुए मार्ग जाम और पुलिस से हाथापाई के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो और आरोपियों शुभम सिंह राजपूत उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 16 कर्मचारी नगर शिव मंदिर के पास दुर्ग और गीतेश कुमार ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम खुरशीटिकुल पो. सुरडोंगर जिला बालोद हाल पता वार्ड क्रमांक 16 कर्मचारी नगर दुर्ग को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक कुल 8 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार मामला 1 दिसंबर 2025 का है। बीएसएनएल ऑफिस के सामने कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके पर मौजूद बल ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ गई। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से हाथापाई की गई और आवागमन बाधित किया गया। इस दौरान प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, तुषार सलामे, अजय साहू और हिमांशु जंघेल को चोटें आईं। घटना के बाद थाना सिटी कोतवाली में बीएनएस की धारा 221, 126(2) और 191(2) के तहत मामला दर्ज किया था।



- मामला पटेल चौक मार्ग जाम के दौरान हुआ था विवाद, दो से अधिक अब भी फरार

# कलेक्टर ने किया नि:शुल्क आवासीय कोचिंग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु पाकुरभाट में संचालित किए जा रहे कोचिंग संस्थान का निरीक्षण कर वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- नीट और जेईई की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग एवं प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और बच्चों के अध्ययन, अध्यापन के कार्य में लगे शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर निर्धारित समयावधि में उनके पाठ्यक्रम को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने प्रबंधन का कार्य देख रहे अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति के बिना किसी भी शिक्षक, शिक्षिकाओं की अवकाश स्वीकृत न की जाए। कलेक्टर ने शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा अवकाश के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर संबंधित विषय के शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था के उपरांत ही उनका अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश दिए। जिससे कि अध्ययन, अध्यापन का कार्य किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



**विद्यार्थियों से की चर्चा, सुविधाओं की ली जानकारी:** इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों के क्लास रूम में पहुँचकर अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्थाओं के संबंध में विद्यार्थियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से विषयवार अध्ययन, अध्यापन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी विषयों के शिक्षकों को बुलाकर प्रत्येक शिक्षकों से अध्ययन, अध्यापन के कार्य में अब तक की प्रगति तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने हेतु उनके द्वारा निर्धारित कार्य योजना के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाले भोजन, स्व अल्पाहार एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को बच्चों के रूचि के आधार पर मेन्यू बनाकर उन्हें भोजन एवं स्व अल्पाहार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम एवं पूरे मनोयोग के साथ विद्या अध्ययन कर जेईई एवं नीट की परीक्षा में अपना चयन सुनिश्चित कराने को कहा।

### आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के दिए निर्देश

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने कोचिंग प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बालक एवं बालिका छात्रवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रवास के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मिश्रा ने विद्यार्थियों को अपने कमरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित करने की समझाईश भी दी। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को बालक एवं कन्या छात्रवास में बच्चों को शुद्ध पेयजल की उलपब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आरओ लगाने एवं प्रत्येक कमरों में टेबल, कुसएँ आदि का प्रबंध कराने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को कन्या छात्रवास में पर्याप्त मात्र में सेनेटरी नेपकीन का प्रबंध कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही समय पर कोचिंग संस्थान में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बायोमेट्रिक मशीन लगाने के भी निर्देश दिए।

### समुद्र मंथन और वामन अवतार प्रसंग से श्रद्धालु हुए भावविभोर


# सेम्हरडीह में गूंजा भागवत रस, वामन अवतार की कथा से मिला अहंकार के त्याग का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आनंदकंद नंदनंदन भगवान श्रीकृष्ण की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से समीप के ग्राम सेम्हरडीह में स्व रामू लाल निषाद की पावन स्मृति व ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा के तृतीय दिवस पर कथावाचक पंडित आकाश दुबे (अछोली निवासी) ने श्रद्धालुओं को समुद्र मंथन एवं भगवान विष्णु के वामन अवतार की प्रेरक कथा का श्रवण कराया। कथावाचक ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के अनेक जन्मों के पापों का क्षय करता है, किंतु इसके साथ-साथ उसकी शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार के माध्यम से राजा बलि को यह संदेश दिया कि दंभ और अहंकार से जीवन में स्थायी सफलता नहीं मिलती। धन-संपत्ति क्षणभंगुर है, जबकि परोपकार ही सच्चा धर्म है।पंडित दुबे ने आगे कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होकर ही मनुष्य ईश्वर की कृपा प्राप्त कर सकता है। ईर्ष्यालु व्यक्ति जीवन में कभी प्रगति नहीं कर पाता। उन्होंने भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बादलों और वृक्षों के उदाहरण देते हुए बताया कि प्रकृति निःस्वार्थ भाव से सभी का कल्याण करती है। सूर्य बिना भेदभाव के प्रकाश देता है, वायु प्राणों का संचार करती है, बादल वर्षा कर धरती को जीवन देते हैं और वृक्ष बिना स्वार्थ फल प्रदान करते हैं,इसी प्रकार मनुष्य को भी परोपकारी बनना चाहिए। कथा स्थल पर भगवान वामन देव की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। ग्रामवासियों ने भगवान वामन को भिक्षा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं।





online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टेंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411